अनुक्रमांक :

नाम...

upboardonline.com

901

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

# 801 (CD)

## 2016

## हिन्दी

**केवल प्रश्न-पत्र**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

---

**1.** (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई ***एक*** कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : *1*

(i) रामविलास शर्मा ख्यातिप्राप्त कवि हैं ।

(ii) इलाचन्द्र जोशी सफल उपन्यासकार हैं ।

(iii) 'मैला आंचल' शैलेश मटियानी का प्रसिद्ध उपन्यास है । upboardonline.com

(iv) सियाराम शरण गुप्त भेंटवार्ताकार हैं ।



(ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी ***एक*** कृति के लेखक का नाम लिखिए : *1*

(i) 'एक घूँट' upboardonline.com

(ii) 'पंचपात्र'

(iii) 'शिक्षा एवं संस्कृति'

(iv) 'अनन्त आकाश'

(ग) किसी एक 'एकांकी' लेखक का नाम लिखिए । *1*

(घ) 'किन्नर देश में' रचना किस विधा पर आधारित है ? *1*

(ङ) यशपाल की किसी एक रचना का नाम लिखिए । *1*

**2.** (क) रीतिकाल के दो कवियों के नाम लिखिए । *1*

(ख) 'नीरजा' तथा 'आकाश गंगा' के रचयिता के नाम लिखिए । upboardonline.com *2*

(ग) त्रिलोचन के दो प्रसिद्ध काव्यों के नाम लिखिए । *1+1=2*

**3.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+2=6*

(क) आज हम इसी निर्मल, शुद्ध-शीतल और स्वस्थ अमृत की तलाश में हैं और हमारी इच्छा, अभिलाषा और प्रयत्न यह है कि वह इन सभी अलग-अलग बहती हुई नदियों में अभी भी उसी तरह बहता रहे और इनको वह अमरत्व देता रहे जो ज़माने के हज़ारों थपेड़ों को बरदाश्त करता हुआ भी आज हमारे अस्तित्व को क़ायम रखे हुए है और रखेगा । upboardonline.com

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

(iii) हमारे अस्तित्व को कौन क़ायम रखे हुए है ?

(ख) हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है । उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है । पर कुछ ही समय बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जाएगा और आज जो तरुण हैं, वही


upboardonline.com

upboardonline.com

वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे । उनके स्थान पर तरुणों का फिर दूसरा दल आ जाएगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा । दोनों के स्वप्न सुखद होते हैं, क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

(iii) प्रगतिशील साहित्य-निर्माता क्या समझकर साहित्य-निर्माण कर रहे हैं ?

**4.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य-सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए : upboardonline.com *1+4+1=6*

(क) मंत्र परम लघु जासु बस,
विधि हरि हर सुद सर्ब ।
महामत्त गजराज कहुँ,
बस कर अंकुस खर्ब ।।
काम कुसुम धनु सायक लीन्हें,
सकल भुवल बस अपने कीन्हें ।
देबि तजिय संसय अस जानी,
भंजब धनुषु राम सुन रानी ।।
सखी बचन सुनि भै परतीती,
मिटा विषादु बढ़ी अति प्रीती ।

(ख) रक्त है ? या है नसों में क्षुद्र पानी !
जाँच कर, तू सीस दे-देकर जवानी ?
वह कली के गर्भ से फल- upboardonline.com
रूप में, अरमान आया ।
देख तो मीठा इरादा, किस
तरह, सिर तान आया !
डालियों ने भूमि रुख लटका
दिया फल, देख आली !
मस्तकों को दे रही
संकेत कैसे, वृक्ष डाली ।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी ***एक*** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उसकी रचनाओं के नाम लिखिए : *2+1=3*

(i) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद upboardonline.com

(iii) डॉ. भगवत शरण उपाध्याय

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी ***एक*** कवि का जीवन-परिचय देते हुए उसकी रचनाओं के नाम लिखिए : *2+1=3*

(i) सूरदास

(ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(iii) राम नरेश त्रिपाठी



6. निम्नलिखित का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : *1+3=4*

एषा नगरी भारतीयसंस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थली अस्ति । इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः । मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय-दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत् । स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसी-भाषायां कारितः । upboardonline.com

**अथवा**

नितरां नीचोऽस्मीति
त्वं खेदं कूप ! कदापि मा कृथाः ।
अत्यन्तसरसहृदयो
यतः परेषां गुणग्रहीताऽसि ।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । upboardonline.com *2*

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : *1+1=2*

(i) वीरः केन पूज्यते ?

(ii) ग्रामीणान् कः उपाहसत् ?

(iii) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?

(iv) इन्दुदर्शनेन कः वर्धते ?

(v) भारतीयसंस्कृतेः मूलं किम् अस्ति ?

8\. (क) हास्य रस अथवा करुण रस की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। upboardonline.com 2

(ख) रूपक अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण-सहित लिखिए। 2

(ग) सोरठा अथवा रोला छन्द की परिभाषा लिखिए तथा उदाहरण भी दीजिए। 2

9\. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं ***तीन*** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : *1+1+1=3*

(i) अधि

(ii) अप

(iii) उप

(iv) सह

(v) अभि

(vi) सु

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : *1+1=2*

(i) त्व upboardonline.com

(ii) ता

(iii) पन

(iv) वा

(v) हट



(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) शुभकर्म upboardonline.com

(ii) चौमासा

(iii) अन्न-जल

(iv) पवनपुत्र

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के तत्सम रूप लिखिए : *1+1=2*

(i) बुड्ढा

(ii) दही

(iii) घी

(iv) श्राप

(v) बीछी upboardonline.com

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : *1+1=2*

(i) रात्रि

(ii) गाय

(iii) गंगा

(iv) पर्वत

(v) सूर्य

**10.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) प्रति + एकम् upboardonline.com

(ii) देव + ऐश्वर्यम्

(iii) महा + ओज:

(iv) गुरु + आदेश:

(ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति बहुवचन में लिखिए : *1+1=2*

(i) फल **अथवा** मधु ।

(ii) मति **अथवा** तद् (पुंल्लिंग)

(ग) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : *2*

(i) अपठताम् upboardonline.com

(ii) हसेतम्

(iii) प्रक्ष्याम:

(iv) पश्याम



(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं ***दो*** के संस्कृत में अनुवाद कीजिए : upboardonline.com *2*

(i) वाराणसी धर्मों की संगम-स्थली है ।

(ii) हमें विद्यालय जाना चाहिए ।

(iii) सभी छात्र पत्र लिखेंगे ।

(iv) आजाद को बच्चों ने घेर लिया ।

(v) शिष्य ने गुरु से प्रश्न किया ।

**11.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर निबन्ध लिखिए : *6*

(i) स्वास्थ्य-शिक्षा से लाभ

(ii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iii) प्रदूषण की समस्या और समाधान

(iv) दूरसंचार के साधन upboardonline.com

(v) पुस्तकालय की उपयोगिता

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों में से स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी ***एक*** का उत्तर दीजिए : *3*

(क) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्रांकन कीजिए ।

upboardonline.com

(ख) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'मेघनाद-प्रतिज्ञा' सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ग) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए ।

(घ) (i) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का कथानक लिखिए ।

(ii) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के उस पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए जिसने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो ।

(ङ) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए ।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । upboardonline.com

(च) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।



upboardonline.com

(छ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । upboardonline.com

(झ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।